an>

Title: Need to take remedial measures to regulate the course of Ganga and Sonali rivers causing flood in villages under Bijnor parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

कुंवर भारतेन्द्र सिंह (बिजनौर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र बिजनौर मैं गंगा जी व सोनाली नदी से भीषण कटाव हो रहा है। कृषि योग्य भूमि के अतिरिक्त गांव व आबादी के क्षेत्र में नदियों द्वारा कटान शुरू हो गया है। बड़ी मात्रा में ग्रामवासी पलायन कर रहे हैं।

इस आपदा का मुख्य कारण उत्तराखंड सरकार द्वारा गंगा व सोनाली नदी के एक तट पर बांध का बनाना है। दूसरा तट उत्तर प्रदेश में है। दुर्भाग्यवश उत्तर प्रदेश सरकार को अनेकों पत्र लिखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

मेरे संसदीय क्षेत्र की पांचों विधान सभा क्षेत्रों में अनेकों गांवों पर बाढ़ का भयावह संकट व्याप्त है। बिजनौर में 20 गांव, चान्दपुर में 10 गांव, मारापुर में 8 गांव, पुरकाजी में 23 गांव, हस्तिनापुर में 12 गांव गंगाजी व सोनाली नदी की चपेट में है। जिसकी वजह से सारे खादर क्षेत्र में कटान हो रहा है।

मेरा जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि इस आशय का प्रस्ताव राज्य सरकार से जल्द मंगवाकर इस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस क्षेत्र के लाखों गरीब किसानों की जान, घर, पशुधन, कृषि-भूमि तथा अन्य संपत्ति को सरकार से सुरक्षा और सहायता प्रदान करवाने की कृपा करें।